राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में
राष्ट्रपति शासन

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
अप्रैल, 2016

संकलन तथा सम्पादन
(अंग्रेजी संस्करण)

संदर्भ प्रभाग,
संसद ग्रंथालय तथा संदर्भ, शोध, प्रलेखन और सूचना सेवा (लार्डिस),
लोक सभा सचिवालय,
नई दिल्ली।

(हिन्दी संस्करण)
अनुवाद (प्रकाशन) शाखा
सम्पादन तथा अनुवाद सेवा,
लोक सभा सचिवालय,
नई दिल्ली।

पहला संस्करण : 1976
दूसरा संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 1985
तीसरा संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 1987
चौथा संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 1989
पांचवां संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 1991
छठा संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 1996
सातवां संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 2003
आठवां संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 2010
नौवां संस्करण : (संशोधित एवं अद्यतन), 2016

मूल्य: 150/- रुपए

©2016 लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (पंद्रहवां संस्करण) के नियम 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और महाप्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिन्टो रोड, नई दिल्ली-110 002 द्वारा मुद्रित।

विषय-सूची

पृष्ठ संख्या

आमुख ..... (iii)

प्रस्तावना ..... (v)

भाग एक — राज्यों में राष्ट्रपति शासन

1. आन्ध्र प्रदेश 2
2. असम 4
3. बिहार 8
4. गोवा 14
5. गुजरात 16
6. हरियाणा 20
7. हिमाचल प्रदेश 24
8. जम्मू और कश्मीर 26
9. झारखंड 28
10. कर्नाटक 30
11. केरल 38
12. मध्य प्रदेश 46
13. महाराष्ट्र 48
14. मणिपुर 50
15. मेघालय 56
16. मिजोरम 58
17. नागालैंड 60
18. ओडिशा 64
19. पंजाब 70
20. राजस्थान 76
21. सिक्किम 80
22. तमिलनाडु 82
23. तेलंगाना 88

पृष्ठ संख्या

24. त्रिपुरा 90

25. उत्तर प्रदेश 94

26. पश्चिम बंगाल 100

भाग दो–संघ राज्यक्षेत्रों में राष्ट्रपति शासन

(उन पूर्व संघ राज्यक्षेत्रों सहित जो अब राज्य बन गए हैं)

1. अरुणाचल प्रदेश 108

2. दिल्ली 110

3. गोवा, दमन और दीव 112

4. मणिपुर 114

5. मिजोरम 116

6. पुडुचेरी 118

परिशिष्ट

एक. भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 और 357 का पाठ 124

दो. जम्मू और कश्मीर के संविधान की धारा 92 का पाठ 126

तीन. संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 51 का पाठ 127

चार. राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में राष्ट्रपति शासन की सारांश-सारणी 128

आमुख

इस प्रकाशन में संविधान के अनुच्छेद 356 तथा संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 51 के अधीन जारी की गई राष्ट्रपति की उद्घोषणाओं से संबंधित कुछ प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। इन विवरणों में गणतंत्र के छह दशकों में राष्ट्रपति की उद्घोषणाएं जारी किये जाने की तारीखों, उद्घोषणाएं जारी किये जाने की परिस्थितियों, उद्घोषणाओं के समय विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के राज्यपालों/उप-राज्यपालों तथा मुख्यमंत्रियों के नामों, विधान सभाएं भंग की गईं अथवा नहीं, उनके विवरणों तथा उद्घोषणाओं को संसद के सभा पटल पर रखे जाने की तारीखों, दोनों सदनों में उन पर हुई चर्चा की तारीखों और उद्घोषणाओं का प्रतिसंहरण करने की तारीखों के बारे में विवरण शामिल हैं।

इस पुस्तक के भाग-एक में राज्यों में राष्ट्रपति शासन संबंधी ब्यौरा है जबकि भाग-दो संघ राज्यक्षेत्रों और उन पूर्व संघ राज्यक्षेत्रों में राष्ट्रपति शासन के संबंध में है, जिन्हें बाद में राज्य का दर्जा दिया गया। इनमें से कुछ पूर्व संघ राज्यक्षेत्रों का दोनों भागों में उल्लेख किया गया है क्योंकि इनके पूर्ण राज्य बन जाने के बाद भी इनमें राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने संबंधी उद्घोषणाएं जारी की गई थीं।

इस पुस्तक की सामग्री विभिन्न प्रकाशित स्रोतों, जैसे राजपत्र अधिसूचनाओं, सरकारी प्रतिवेदनों, संसदीय वाद-विवादों, आदि से ली गई है। यदि कोई पाठक इस पुस्तक में अंतर्विष्ट सामग्री का उपयोग करने का इच्छुक है तो उसे उद्धृत मूल स्रोतों पर ही निर्भर करना चाहिए और उन्हीं का उल्लेख करना चाहिए।

आशा है कि यह प्रकाशन संसद सदस्यों तथा अन्य सुधी पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

अनूप मिश्र

नई दिल्ली;
जनवरी, 2016

अनूप मिश्र
महासचिव
लोक सभा

प्रस्तावना

भारत के संविधान में यह उपबंध है कि यदि राष्ट्रपति का, किसी राज्य के राज्यपाल से प्रतिवेदन मिलने पर या अन्यथा, यह समाधान हो जाता है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य का शासन संविधान के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है तो राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 356(1) के अधीन इस आशय की उद्घोषणा जारी करने का अधिकार है। ऐसी उद्घोषणा के अधीन, राष्ट्रपति उस राज्य की सरकार के सभी या कोई कृत्य और राज्यपाल में निहित या उसके द्वारा प्रयोक्तव्य सभी या कोई शक्तियां अपने हाथ में ले सकेगा; यह घोषणा कर सकेगा कि राज्य के विधानमंडल की शक्तियां संसद द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन प्रयोक्तव्य होंगी; तथा वह ऐसे आनुषंगिक और पारिणामिक उपबंध कर सकेगा जो उद्घोषणा के उद्देश्यों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक प्रतीत हों। तथापि, राष्ट्रपति को यह प्राधिकार नहीं है कि वह उच्च न्यायालय में निहित किसी शक्ति को अपने हाथ में लें।

अनुच्छेद 356 के खंड(1) के अधीन जारी की गई उद्घोषणा को वापस लिया जा सकता है अथवा उक्त अनुच्छेद के खंड(2) के अधीन पश्चात्वर्ती उद्घोषणा द्वारा उसमें परिवर्तन किया जा सकता है।

अनुच्छेद 356 के अधीन जारी की गई प्रत्येक उद्घोषणा संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखी जायेगी सिवाए उसके जहां वह पूर्ववर्ती उद्घोषणा को वापस लेने वाली उद्घोषणा है। उद्घोषणा दो मास की समाप्ति पर प्रवर्तन में नहीं रहेगी यदि उस अवधि की समाप्ति से पहले संसद के दोनों सदनों के संकल्पों द्वारा उसका अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है [अनुच्छेद 356 (3)]। अनुच्छेद 356 के खंड (4) के अधीन, संविधान सभा द्वारा मूलत: अधिनियमित रूप में,संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित होने पर अनुच्छेद के खंड (1) के अधीन जारी की गई उद्घोषणा, यदि वापस नहीं ली जाती है तो, ''खंड (3) के अधीन उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाले दूसरे संकल्प के पारित होने की तारीख से छह मास की अवधि की समाप्ति होने पर'', प्रवर्तन में नहीं रहेगी। मूल रूप में खंड (4) के प्रथम परन्तुक के अधीन भी उद्घोषणा को (पहले छह मास के बाद भी)प्रवृत्त बनाए रखने का अनुमोदन करने वाले संकल्प को संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने का प्रभाव उद्घोषणा को प्रवृत्त रखने की अवधि छह मास और आगे बढ़ाना ही था। संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 के द्वारा अनुच्छेद 356 के खंड (4) में ''छह मास'' शब्द, जहां कहीं भी आएं के स्थान पर ''एक वर्ष'' शब्द प्रतिस्थापित कर दिए गए थे। संविधान (चवालीसवां) संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा यथासंशोधित अनुच्छेद 356 के खंड (4) के अधीन इस प्रकार अनुमोदित उद्घोषणा जारी किए जाने की तारीख से छह मास के लिए प्रवृत्त रहेगी, यदि इस बीच इसे वापस न लिया गया हो। संविधान (चवालीसवां) संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा उक्त खंड में दो उल्लेखनीय परिवर्तन किये गये। पहला, खंड में जहां कहीं भी 'एक वर्ष' शब्द था उसके स्थान पर 'छह मास' कर दिया गया। दूसरा, संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदन के परिणामस्वरूप प्रवृत्त उद्घोषणा की छह मास की अवधि की गणना 'उद्घोषणा जारी किये जाने की तारीख' से की जायेगी तथा उद्घोषणा का अनुमोदन करने वाले दूसरे संकल्प के पारित होने की तारीख से नहीं, जैसाकि बयालीसवें संशोधन से पहले भी था।

उद्घोषणा को पहले छह मास से अधिक अवधि के लिए प्रवर्तन में रखने के लिए आवश्यक है कि उसको संसद द्वारा अपेक्षित स्वीकृति दे दी गई हो। अनुच्छेद 356(4) के प्रथम परन्तुक के अधीन यदि और जितनी बार ऐसी उद्घोषणा को प्रवृत्त बनाए रखने का अनुमोदन करने वाला संकल्प संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित कर दिया जाता है तो वह उद्घोषणा यदि वापस नहीं ली जाती है तो छह माह की और अवधि तक प्रवृत्त बनी रहेगी। किन्तु ऐसी उद्घोषणा किसी भी दशा में तीन वर्ष से अधिक के लिए प्रवृत्त नहीं रहेगी।

26 जनवरी, 1950 को संविधान के लागू होने के बाद से 26 राज्यों में 111 बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। पंजाब ऐसा पहला राज्य था जहां, संविधान लागू होने के दो वर्ष के भीतर ही राष्ट्रपति शासन लागू करना आवश्यक हो गया था। केरल (पूर्व त्रावणकोर-कोचीन स्टेट सहित), पंजाब (पूर्व पेप्सू स्टेट सहित), और उत्तर प्रदेश 10 बार तथा मणिपुर और बिहार क्रमश: 8 बार राष्ट्रपति शासन के अधीन आए। राष्ट्रपति शासन की सबसे लम्बी अवधि जम्मू-कश्मीर में 6 वर्ष, 2 महीने और 20 दिन (18.7.90 से 9.10.96 तक) है, इसके बाद पंजाब है जहां यह अवधि 4 वर्ष, 9 महीने और 15 दिन (11.5.87 से 25.2.92) रही। सबसे कम अवधि तक राष्ट्रपति शासन कर्नाटक और बिहार में केवल 8 दिन क्रमश: (10.10.90 से 17.10.90 तक) और (28.3.95 से 4.4.95 तक) रहा, इसके बाद ओडिशा में केवल 14 दिन (16.12.76 से 29.12.76 तक) रहा।

राज्यों में भिन्न-भिन्न समय पर राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के कारण अलग-अलग प्रकार के रहे हैं, जैसे विधानमंडलों के सदस्यों द्वारा दल-परिवर्तन, गठबन्धन सरकारों का टूटना (भागीदारों द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण तथा/अथवा दल-बदल के कारण), मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होना, विभिन्न कारणों से मुख्यमंत्रियों द्वारा त्यागपत्र दिया जाना, नवनिर्मित राज्यों में विधानमंडलों का न होना, राज्यों में जन-आंदोलन के कारण प्रशासन में अस्थिरता, आदि।

यद्यपि, 1967 के आम चुनावों के बाद से दल-परिवर्तन के कारण राष्ट्रपति शासन लागू करने की घटनायें प्राय: होने लगी थीं किन्तु सबसे पहले नवम्बर, 1954 में आंध्र प्रदेश में इस प्रकार की घटना हुई। अन्य राज्य जहां विगत वर्षों में इस प्रकार की घटनाएं हुई हैं वे हैं–बिहार, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु और गोवा। सत्तारूढ़ गठबन्धन सरकारों के टूटने से राष्ट्रपति शासन लगाना जहां आवश्यक हुआ वे राज्य हैं; झारखण्ड (2010, 2013), केरल (1979, 1981 और 1982), महाराष्ट्र (2014), मणिपुर (1992), ओडिशा (1961 और 1971), पंजाब (1968), त्रिपुरा (1979), उत्तर प्रदेश (1970 और 1995), जम्मू और कश्मीर (2008) और कर्नाटक (2007)।

आन्ध्र प्रदेश और केरल के राज्य विधानमंडलों में मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित किये जाने के कारण वहां क्रमश: 1954 और 1964 में राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा क्योंकि अन्य दल सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थे।

गुजरात में 1976 में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया, क्योंकि अनुदानों की मांगों पर राज्य विधान सभा में मतदान में हारने के कारण मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र दे दिया था। आन्ध्र प्रदेश (2014), दिल्ली (2014), केरल (1970 तथा 1979), पंजाब (1951), सिक्किम (1979), उत्तर प्रदेश (1968 तथा 1975), और पश्चिम बंगाल (1970) में मुख्यमंत्रियों ने विभिन्न कारणों से स्वयं ही अपने पद से त्यागपत्र दे दिये जिसके परिणामस्वरूप राज्यपालों को सिफारिश करनी पड़ी कि इन राज्यों का शासन राष्ट्रपति द्वारा अपने हाथ में ले लिया जाए। वर्ष 1973 में आन्ध्र प्रदेश में, 1979 में असम में, 1974 में गुजरात में, 1959 में केरल में तथा 1983 और 1987 में पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के अन्य कारणों में से एक कारण 'जन-आंदोलन' था।

नये राज्यों, केरल - 1956; पंजाब-1966; मणिपुर और त्रिपुरा-1972; के गठन के समय ऐसी स्थिति बन गयी कि केन्द्र को तब तक के लिए प्रशासन अपने हाथ में लेना पड़ा, जब तक कि वहां नई विधान सभाएं विधिवत् निर्वाचित नहीं हो गईं और लोकप्रिय सरकारें स्थापित नहीं हो गईं।

केरल में 1965 में, ओडिशा में 1971 में, राजस्थान में 1967 में तथा उत्तर प्रदेश में 1996 में और 2002 में, और बिहार में 2005 में नये चुनाव होने के पश्चात् नई विधान सभाओं का गठन हो जाने पर भी किसी भी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका अथवा कोई भी दल अन्य दलों के सहयोग से सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। ऐसी स्थिति में इसी समाधान की सिफारिश की गई कि अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाये।

झारखंड में, राज्य के मुख्यमंत्री को संविधान के अनुच्छेद 164(4) के उपबंध के निबंधनों के अनुसार छह मास की अवधि के भीतर राज्य विधान सभा की सदस्यता प्राप्त करनी थी परन्तु मुख्यमंत्री चुनाव हार गए और तत्पश्चात् किसी व्यक्ति अथवा राजनीतिक दल अथवा राजनीतिक ग्रुप ने सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया और 19 जनवरी, 2009 को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

30 अप्रैल, 1977 को नौ राज्यों के संबंध में जारी की गई उद्घोषणाएं स्पष्टत: भिन्न प्रकार की थीं तथा उन्होंने एक प्रकार से नया पूर्वोदाहरण स्थापित किया। लोक सभा के मार्च 1977 के चुनावों से ''अभूतपूर्व राजनैतिक स्थिति'' सामने आई। नौ राज्यों–बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने इन राज्यों में, तथा केंद्र में भी, तत्कालीन सत्ताधारी दल के उम्मीदवारों को पूरी तरह या लगभग पूरी तरह से नकार दिया। नवगठित केंद्र सरकार ने इसका अर्थ यह लगाया कि इन नौ राज्यों की सरकारों पर से मतदाताओं का विश्वास पूर्णत: उठ गया है। इन परिस्थितियों में, तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री ने इन नौ राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सुझाव दिया कि वे राज्यपालों को विधान सभाएं भंग करने और नये चुनाव कराने की सलाह दें। संबंधित राज्य सरकारों ने इन सुझावों को नहीं माना तथा उन्होंने केंद्रीय सरकार के सुझाव और तद्नुसार अनुच्छेद 356 के अधीन कार्यवाही की संवैधानिक वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी।[1] उच्चतम न्यायालय ने, अपने 29 अप्रैल, 1977 के आदेश के द्वारा विवाद और राज्यों द्वारा दायर व्यादेश आवेदनों को खारिज कर दिया तथा हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। एक सप्ताह के बाद अर्थात् 6 मई, 1977 को दिए अपने निर्णय में न्यायालय ने, अन्य बातों के साथ-साथ कहा:—

> उच्चतम न्यायालय, अनुच्छेद 356(1) के अधीन दिये गये अधिकारों के प्रयोग के संबंध में तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकता जब तक इस उपबंध को, किसी विशेष परिस्थिति में इस प्रकार लागू नहीं किया गया कि वह इतना विकृत और अनुचित प्रतीत होता हो कि जिससे इस उपबंध का निश्चित दुरुपयोग होता हो अथवा मान्य तथ्यों पर अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो। अधिक से अधिक केवल यह कहा जा सकता है कि राज्य विधान सभा में बहुमत की इच्छा के विरुद्ध सभा का भंग किया जाना अत्यंत गंभीर बात है। शायद यह कहा जा सकता है कि संविधान के अनुच्छेद 356(1) का सहारा तभी लिया जाना चाहिए जब 'संकटपूर्ण स्थिति' उत्पन्न हो गई हो। किन्तु प्रश्न यह है कि क्या जब तक ''राजनीतिक संप्रभु'' अर्थात्, जनता को नया फैसला करने का अवसर नहीं दिया जाता तब तक के लिए ''संकटपूर्ण स्थिति'' उत्पन्न हो गई है अथवा ऐसी स्थिति अवश्य उत्पन्न होने वाली है क्योंकि तत्कालीन राज्य विधान सभा और राज्य सरकार को जनता ने पूर्णत: और स्पष्टत: अस्वीकार कर दिया है ऐसे प्रश्न पर निर्णय लेना नि:संदेह कार्यपालिका के अधिकार में आता है।[2]

---

[1]गृह मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट 1977-78, पृष्ठ 9-10

[2]राजस्थान राज्य बनाम भारत संघ, ए॰आई॰आर॰ 1977, एस॰सी॰ 1361

इस बीच, 30 अप्रैल, 1977 को कार्यवाहक राष्ट्रपति द्वारा उपर्युक्त नौ राज्यों के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन उद्घोषणाएं जारी की गईं और साथ-साथ इन नौ राज्यों की विधान सभाएं भंग कर दी गईं; तथा निर्वाचन आयुक्त से इन राज्यों में नये चुनाव कराने के लिए कहा गया।[3]

जनवरी 1980 में हुए लोक सभा के मध्यावधि चुनावों के बाद, नौ राज्यों (अर्थात् बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु तथा उत्तर प्रदेश) के संबंध में 17 फरवरी, 1980 को अनुच्छेद 356 के अधीन उद्घोषणाएं जारी की गईं और साथ-साथ इन राज्यों की विधान सभाएं भंग कर दी गईं क्योंकि केन्द्र सरकार ने महसूस किया कि लोक सभा चुनावों में भारी हार के कारण इन राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां अब जनता का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं।

जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में राज्य के संविधान की धारा 92 में भारत के राष्ट्रपति की सहमति से राज्य में राज्यपाल के शासन का उपबंध है। तथापि, ऐसी कोई उद्घोषणा, सिवाए उसके जहां वह पूर्ववर्ती उद्घोषणा को प्रतिसंहृत करने वाली उद्घोषणा है, प्रथम बार जारी किए जाने की तारीख से छह महीने की अवधि समाप्त होने पर प्रवृत्त नहीं रहेगी।

7 सितंबर, 1986 को जम्मू और कश्मीर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया और दो महीने की अवधि समाप्त हो जाने के बाद 6 नवंबर, 1986 से यह प्रवृत्त नहीं रहा। कांग्रेस (आई) (अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) पार्टी के समर्थन से जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस की लोकप्रिय सरकार राज्य में सत्तारूढ़ हुई। राज्यपाल शासन की छह मास की अवधि समाप्त हो जाने के बाद 18 जुलाई, 1990 को राष्ट्रपति शासन भी लागू किया गया जो 9 अक्तूबर, 1996 को समाप्त हुआ। राज्य में राष्ट्रपति शासन 6 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए रहा। इससे पहले राज्य में 27 मार्च, 1977 से 9 जुलाई, 1977 तक 3 महीने और चौदह दिन के लिए और पुन: 7 मार्च, 1986 से 6 सितंबर, 1986 तक 6 महीने के लिए, और 19 जनवरी, 1990 से 18 जुलाई, 1990 तक छह महीने के लिए राज्यपाल का शासन रहा था। जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू करने का उपबंध संविधान (जम्मू और कश्मीर पर विस्तारण) आदेश, 1954 द्वारा वर्ष 1954 में लागू किया गया था। आदेश के परिशिष्ट-एक के भाग-18 में कहा गया है कि ''अनुच्छेद 356 के खंड (1) में, जम्मू और कश्मीर राज्य के संबंध में इस संविधान के उपबंधों या किसी उपबंध के प्रति निर्देशों का इस प्रकार अर्थ लगाया जाएगा कि उनके अंतर्गत जम्मू और कश्मीर के संविधान के उपबंधों या उपबंध के प्रति निर्देश भी है।'' उक्त आदेश में 24 फरवरी, 1993, 19 फरवरी, 1994, 31 मई, 1995 और 6 जुलाई, 1996 को संशोधन किया गया जिसमें राष्ट्रपति शासन की अवधि को क्रमश: चार, पांच, छह और सात वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया।

अनुच्छेद 356(1) के अधीन जारी की गई उद्घोषणा में यह स्पष्ट प्रावधान हो सकता है कि उद्घोषणा जारी होने के साथ ही संबंधित राज्य की विधान सभा भंग कर दी जाए। ऐसी कार्यवाही अब तक 53 अवसरों पर की जा चुकी है। ऐसा अधिकतर अन्य मामलों में, जहां यह माना गया कि उद्घोषणा जारी होने के बाद भी स्थायी सरकार गठित होने की कोई संभावना है तो राज्य विधान सभा को भंग करने के बजाए, 'निलंबित' रखा जाता है। तथापि, गुजरात (1974), नागालैंड (1975), कर्नाटक (1973), ओडिशा (1971), पंजाब (1985), उत्तर प्रदेश (1968), पश्चिम बंगाल (1970), मणिपुर (2001), आंध्र प्रदेश (2014) और दिल्ली (2014), में राज्य विधान सभा को पहले केवल निलंबित रखा गया था, परंतु बाद में भंग कर दिया गया। कुछ अन्य मामलों में जम्मू-कश्मीर (1990), केरल (1970, 1979 तथा 1982), नागालैंड (1992), पंजाब (1971), सिक्किम (1979) तथा पश्चिम बंगाल (1971) में राष्ट्रपति की उद्घोषणा जारी किये जाने से पहले ही राज्यपालों ने राज्य विधान सभाओं को भंग कर दिया।

संसद के सभा पटल पर उद्घोषणा रखते समय सरकार के लिए यह कोई बाध्यता नहीं है कि वह उन मामलों में संबंधित राज्य के राज्यपाल की उस रिपोर्ट की प्रति भी सभा पटल पर रखे जिसके आधार पर राष्ट्रपति ने कार्यवाही की है। आंध्र प्रदेश राज्य के बारे में जारी की गई उद्घोषणा पर 19 नवंबर, 1954 को लोक सभा में चर्चा के दौरान सरकार ने यह कहा था कि राज्यपाल की रिपोर्ट एक गोपनीय दस्तावेज है और इसलिए वह सदस्यों को उपलब्ध नहीं करायी जा सकती। तथापि, 1959 में केरल राज्य के संबंध में, उद्घोषणा के मामले में राज्यपाल की रिपोर्ट का सारांश 17 अगस्त, 1959 को सभा पटल पर रखा गया था। तदुपरांत, यह प्रथा रही है कि राज्यपाल की रिपोर्ट का सारांश अथवा पूर्ण रूप में उस प्रतिवेदन को ही संसद के दोनों सदनों में सभा पटल पर रख दिया जाता है।

भारत के उच्चतम न्यायालय को 1988 में आरंभ हुए ऐसे मामलों की शृंखला में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने संबंधी मामलों का समाधान करना पड़ा। नागालैंड में, केन्द्र सरकार ने 7 अगस्त, 1988 को राज्य सरकार को दो कारणों से बर्खास्त कर दिया और राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। पहला कारण तो यह था कि राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता थी क्योंकि श्री वामुजो के नेतृत्व में 13 सदस्यों ने सत्तारूढ़ दल से अपना नाता तोड़ लिया था और कोई भी राजनीतिक दल सरकार बनाने की स्थिति में नहीं था। इसके अतिरिक्त, राज्य बढ़ती हुई अशांति के साथ-साथ कानून और व्यवस्था की समस्या से भी जूझ रहा था। श्री वामुजो ने इस उद्घोषणा की वैधता को गुवाहाटी उच्च न्यायालय में चुनौती दी। इस याचिका की सुनवाई करने वाली खंडपीठ में अनुच्छेद 72(4) को लागू करने और इसके संचालन के संबंध में मतभेद हो गये और इसलिए इस मामले को तीसरे न्यायाधीश के पास भेज दिया गया। परंतु, तीसरे न्यायाधीश के समक्ष इस मामले की सुनवाई होने से पहले ही केन्द्र सरकार ने विशेष अनुमति के लिये उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दी। उच्चतम न्यायालय ने यह याचिका स्वीकार कर ली और इस मामले पर उच्च न्यायालय में आगे की कार्यवाही रोक दी गई।

---

[3]गृह मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट, 1977-78 पृष्ठ 19

कर्नाटक में 21 अप्रैल, 1989 को इस आधार पर राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था कि 16 अप्रैल, 1989 को सत्तारूढ़ जनता दल के 20 सदस्यों द्वारा दल-परिवर्तन किये जाने के कारण मुख्यमंत्री श्री एस॰ आर॰ बोम्मई का विधान सभा में बहुमत नहीं रहा था। श्री बोम्मई ने अपनी सरकार की बर्खास्तगी के विरुद्ध कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि धारा 356 इस न्यायालय के विचार योग्य नहीं है। श्री बोम्मई ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील की।

मेघालय में, अध्यक्ष ने 17 अगस्त, 1991 को दल-परिवर्तन विरोधी कानून के अंतर्गत सत्तारूढ़ गठबंधन के 5 निर्दलीय सदस्यों को अयोग्य घोषित कर दिया। इन पांच विधायकों में से चार ने 6 सितंबर, 1991 को उच्चतम न्यायालय में मामला दायर कर दिया और उच्चतम न्यायालय ने अध्यक्ष के आदेशों पर रोक लगा दी तथा राज्यपाल से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि संबंधित विधायकों को विधान सभा की बैठकों में भाग लेने दिया जाए। अध्यक्ष ने उच्चतम न्यायालय के स्थगन आदेश की उपेक्षा करते हुए, 8 अक्तूबर, 1991 को सरकार के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर उन चारों विधायकों के वोटों को अमान्य कर दिया। अध्यक्ष श्री बी॰ बी॰ लिंगदोह के नेतृत्व वाली सरकार की पराजय की घोषणा करते हुए सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल ने 9 अक्तूबर, 1991 को मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर उनसे त्यागपत्र देने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के इस पत्र के विरुद्ध उसी दिन उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर दी और न्यायालय ने राज्यपाल से कहा कि वह इस बारे में कोई निर्णय लेने से पहले कि क्या सरकार विश्वास प्रस्ताव पर हार गई है, न्यायालय के आदेशों तथा उन चार निर्दलीय सदस्यों द्वारा दिए गए वोटों पर विचार करें। इसके बावजूद, 11 अक्तूबर, 1991 को मेघालय में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया, सरकार बर्खास्त कर दी गई तथा विधान सभा को भंग कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने 12 अक्तूबर, 1991 के एक आदेश द्वारा तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा 17 अगस्त, 1991 को दिए गए आदेश को रद्द कर दिया। तथापि, तत्पश्चात् संसद के दोनों सदनों ने राष्ट्रपति द्वारा जारी उद्घोषणा का अनुमोदन कर दिया।

6 दिसंबर, 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचे के गिराये जाने के पश्चात् उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया और 6 दिसंबर, 1992 को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। केन्द्र सरकार ने 15 दिसंबर, 1992 को मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश (जहां भारतीय जनता पार्टी सत्ता में थी) की सरकारों को बर्खास्त कर दिया और इन राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। राष्ट्रपति की उद्घोषणा में ऐसा कदम उठाये जाने का यह कारण बताया गया कि इन राज्यों में संवैधानिक तंत्र तथा कानून और व्यवस्था के विफल होने की आशंका थी। इन राज्यों के बर्खास्त मुख्यमंत्रियों ने केन्द्र सरकार द्वारा उन्हें बर्खास्त किये जाने की वैधता को अपने-अपने राज्य के उच्च न्यायालयों में चुनौती दी।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने संबंधी आदेश को 2 अप्रैल, 1993 को रद्द कर दिया। अधिकांश न्यायाधीशों का यह विचार था कि कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति में केन्द्रीय हस्तक्षेप प्रभावित क्षेत्रों में सेना की तैनाती करने तक ही न्यायोचित था। किंतु इन परिस्थितियों में सीधे राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना अनुच्छेद 356 की परिधि से परे था।

16 अप्रैल, 1993 को उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार की अपील पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को 15 दिसंबर, 1992 के राष्ट्रपति के आदेशों को रद्द करने संबंधी निर्णय के विरुद्ध स्थगन आदेश दे दिया। उच्चतम न्यायालय ने यह निदेश दिया कि केन्द्र सरकार की अपील को दो अन्य अपीलों, नामत: भारत संघ बनाम वामुजा और एस॰ आर॰ बोम्मई बनाम भारत संघ के साथ जोड़ दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान के मुख्यमंत्री, श्री भैरों सिंह शेखावत और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, श्री शांता कुमार की अपने राज्यों में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को चुनौती देते हुए अपने-अपने उच्च न्यायालयों में दायर दो रिट याचिकाओं को भी अपने पास अंतरित कर लिया।

न्यायाधीश रत्नावल पांडियन की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय की नौ न्यायाधीशों की एक संविधान खंडपीठ ने मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा की वैधता को 11 मार्च, 1994 को छह अलग-अलग निर्णयों में सही ठहराया।

तथापि, अधिकांश न्यायाधीशों का मत यह था कि 7 अगस्त, 1988, 12 अप्रैल, 1989 और 11 अक्तूबर, 1991 को जारी की गई उद्घोषणाओं और क्रमश: नागालैंड, कर्नाटक और मेघालय की तत्कालीन सरकारों और विधान सभाओं को हटाने के लिए राष्ट्रपति द्वारा की गई कार्यवाही असंवैधानिक थी। न्यायाधीश ने कहा कि तथापि, राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा से पूर्व इन राज्यों में विद्यमान सरकारों की बहाली संभव नहीं है क्योंकि तदुपरांत वहां चुनाव हो चुके हैं और नई सरकारों ने सत्ता संभाल ली है। उपर्युक्त निर्णय[4] के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:—

- संविधान का अनुच्छेद 356 राष्ट्रपति को केवल ऐसी स्थिति में प्रयोग किए जाने हेतु शक्ति प्रदान करता है जब उसका इस बात से समाधान हो जाए कि किसी राज्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य का शासन संविधान के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है। हमारे संविधान में यह शक्ति वास्तव में प्रधान मंत्री के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की है। अनुच्छेद में 'समाधान' की जो बात कही गई है, उसका स्वरूप व्यक्तिपरक है।
- अनुच्छेद 356 द्वारा राष्ट्रपति को प्रदत्त शक्ति सशर्त है। यह आत्यंतिक शक्ति नहीं है। सामग्री की विद्यमानता जिसमें राज्यपाल का/के प्रतिवेदन शामिल हो सकता है/हैं—एक पूर्व-शर्त है। ''समाधान'' किसी सुसंगत सामग्री पर आधारित होना चाहिए। अनुच्छेद 356 के अंतर्गत शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सरकारिया आयोग की सिफारिशें सभी संबंधितों द्वारा गंभीरता से विचार करने योग्य हैं।

---

[4] उच्चतम न्यायालय मामले, 15 मई 1994, पृष्ठ 296-99

- यद्यपि विधान सभा भंग करने की शक्ति अनुच्छेद 356 के खंड (1) में सन्निहित कही जा सकती है फिर भी समग्र संवैधानिक योजना को ध्यान में रखते हुए यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति इस शक्ति का प्रयोग खंड (3) के अंतर्गत संसद के दोनों सदनों द्वारा उद्घोषणा का अनुमोदन किए जाने के बाद ही करेगा, न कि उससे पहले। ऐसा अनुमोदन किए जाने तक, राष्ट्रपति खंड (1) के उप-खंड (ग) के अंतर्गत विधान सभा से संबंधित संविधान के उपबंधों को निलंबित करके विधान सभा को केवल निलंबित कर सकता है। विधान सभा का भंग किया जाना एक सामान्य बात नहीं है। ऐसा केवल तभी किया जाना चाहिए जब उद्घोषणा का प्रयोजन पूरा करने के लिए यह करना आवश्यक है।

- खंड (1) के अंतर्गत उद्घोषणा केवल तभी जारी की जा सकती है जब इस खंड के अंतर्गत निर्दिष्ट स्थिति उत्पन्न हो जाये। ऐसी स्थिति में सरकार को जाना पड़ेगा। यहां इस बात को उचित नहीं ठहराया जा सकता है कि राष्ट्रपति राज्य सरकार को बरकरार रखते हुए उसके कुछ कृत्यों और शक्तियों को अपने हाथ में ले ले। एक ही क्षेत्र में दो सरकारें नहीं हो सकती।

  > अनुच्छेद 356 के खंड (3) की परिकल्पना राष्ट्रपति की शक्ति पर नियंत्रण रखने तथा इसके दुरुपयोग के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में की गई है। यदि संसद के दोनों सदन उद्घोषणा का निरनुमोदन कर दें अथवा उसका अनुमोदन न करें तो उद्घोषणा दो महीने की अवधि समाप्त होने पर व्यपगत हो जाती है। ऐसी स्थिति में, बर्खास्त की गई सरकार बहाल हो जाती है और विधान सभा, जिसे निलंबित रखा गया हो, पुन: अस्तित्व में आ जाती है। चूंकि उद्घोषणा व्यपगत हो जाती है और इसे पूर्व प्रभाव से अविधिमान्य घोषित नहीं किया गया है— दो महीने की अवधि के दौरान किये गये कार्य, दिए गए आदेश और पारित किये गये कानून अवैध या शून्य नहीं होंगे। तथापि, सरकार/विधान सभा या अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसकी संवीक्षा की जा सकती है, इन्हें निरस्त किया जा सकता है या इनमें संशोधन किया जा सकता है।

  > तथापि, यदि उद्घोषणा को दोनों सदनों द्वारा दो महीने के भीतर अनुमोदित कर दिया जाता है तो सरकार (जिसे बर्खास्त किया गया था) उद्घोषणा की अवधि समाप्त होने या इसे वापस लेने पर बहाल नहीं होगी। इसी प्रकार, यदि विधान सभा को खंड (3) के अंतर्गत अनुमोदन के पश्चात् भंग कर दिया गया है तो विधान सभा उद्घोषणा की अवधि समाप्त होने या इसे वापस लेने पर बहाल नहीं होगी।

- अनुच्छेद 74(2) केवल इस प्रश्न की कोई जांच करने पर रोक लगाता है कि क्या मंत्रियों ने राष्ट्रपति को कोई सलाह दी है, और यदि दी है तो क्या दी है। इससे, न्यायालय द्वारा केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् (भारत संघ) से उस सामग्री, जिसके आधार पर राष्ट्रपति का अपेक्षित समाधान हुआ था, के प्रकटन के लिए कहने पर रोक नहीं है। वह सामग्री जिसके आधार पर सलाह दी गई है, सलाह का भाग नहीं बनती है। यदि राष्ट्रपति ने सामग्री का अवलोकन किया है या उन्हें यह सामग्री दिखाई गई है, तो भी यह सलाह का स्वरूप नहीं ले सकती है। अनुच्छेद 74(2) और साक्ष्य अधिनियम की धारा 123 भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर लागू होती है। ऐसा हो सकता है कि उद्घोषणा का समर्थन करते हुए संबंधित मंत्री या अधिकारी धारा 123 के अंतर्गत विशेषाधिकार का दावा करें। उस स्थिति में इसका निर्णय धारा 123 के उपबंधों के अनुसार इसके गुण-दोष के आधार पर किया जायेगा।

- अनुच्छेद 356(1) के अंतर्गत की गई उद्घोषणा न्यायिक संवीक्षा से मुक्त नहीं है। यदि यह पाया जाता है कि उद्घोषणा दुर्भावनापूर्ण या पूर्णत: असंगत या असंबद्ध कारणों पर आधारित है तो उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय उस उद्घोषणा को अभिखंडित कर सकते हैं। संविधान (44वां संशोधन) अधिनियम द्वारा खंड (5), [जिसे 38वें (संशोधन) अधिनियम द्वारा पुर:स्थापित किया गया था] का लोप करने से इस कार्यवाही की संवीक्षा संबंधी संदेह को दूर कर दिया गया है। मांगे जाने पर भारत संघ द्वारा वह सामग्री प्रस्तुत करनी पड़ती है, जिसके आधार पर वह कार्यवाही की गई थी। यदि वह कार्यवाही को उचित ठहराने की मांग करता है, तो वह सामग्री प्रस्तुत करने से इंकार नहीं कर सकता है। न्यायालय सामग्री के सही होने या उसकी पर्याप्तता पर विचार नहीं करेगा। उसकी जांच केवल इस बात तक ही सीमित है कि क्या वह सामग्री की-गई-कार्यवाही के लिए संगत है या नहीं। यदि कुछ सामग्री असंगत भी है, तो जब तक की-गई-कार्यवाही से संबंधित कुछ सामग्री संगत है, न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

- यदि न्यायालय उद्घोषणा को अभिखंडित कर देता है तो उसे बर्खास्त की गई सरकार को बहाल करने और जहां विधान सभा को भंग अथवा निलंबित कर दिया गया हो, वहां उसे बहाल करके पुन: सक्रिय करने का अधिकार है। ऐसे मामले में, न्यायालय को यह घोषित करने का अधिकार है कि उद्घोषणा के प्रवृत्त रहने की अवधि के दौरान किये गये कार्य, दिये गये आदेश और बनाये गये कानूनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और उन्हें वैध माना जायेगा। तथापि, ऐसी घोषणा सरकार/विधान सभा या अन्य सक्षम प्राधिकारी को ऐसे कार्यों, आदेशों या कानूनों की संवीक्षा करने, उनका निरसन करने या उनमें संशोधन करने से नहीं रोक पायेगी।

- भारत के संविधान ने एक परिसंघ का सृजन किया परन्तु उसका झुकाव केंद्र के पक्ष में है। राज्यों को आवंटित क्षेत्र में राज्य सर्वोच्च है।

- पंथनिरपेक्षता संविधान की मूल-भूत विशेषताओं में से एक है। भारत के सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है, परन्तु राज्य की दृष्टि से किसी व्यक्ति के धर्म, आस्था अथवा विश्वास का कोई महत्व नहीं है। राज्य के समक्ष सभी समान हैं और समान माने जाने के

अधिकारी हैं। राज्य के मामलों में धर्म का कोई स्थान नहीं है। कोई भी राजनैतिक दल साथ-साथ कोई धार्मिक दल नहीं हो सकता है। राजनीतिक और धर्म को मिलाया नहीं जा सकता है। कोई भी राज्य सरकार जो पंथनिरपेक्षता के विपरीत नीतियां अपनाती है अथवा पंथनिरपेक्षता से हट कर कार्य करती है वह संवैधानिक भावना के विपरीत आचरण करती है और अनुच्छेद 356 के अंतर्गत उसके विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

बिहार में, 15 मार्च, 1995 को विधान सभा के कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व चुनाव सम्पन्न नहीं किये जा सके। संवैधानिक संकट से बचने तथा संसद द्वारा 31 मार्च, 1995 तक लेखानुदान पारित कर देने हेतु राज्य में 28 मार्च, 1995 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया।

बिहार में 12 फरवरी, 1999 को लागू किया गया राष्ट्रपति शासन अभूतपूर्व ढंग से समाप्त किया गया। यद्यपि, राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा का अनुमोदन करने संबंधी सांविधिक संकल्प 26 फरवरी, 1999 को लोक सभा द्वारा स्वीकृत किया गया था, 8 मार्च, 1999 को मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति से राज्य में राष्ट्रपति शासन समाप्त करने की सिफारिश कर दी। राष्ट्रपति शासन समाप्त होने के बाद श्रीमती राबड़ी देवी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल सरकार 9 मार्च, 1999 को बहाल कर दी गई।

संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 51 के अंतर्गत किसी संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासक से रिपोर्ट मिलने पर राष्ट्रपति आदेश, इस अधिनियम के सभी उपबन्धों का या उनमें से किसी का प्रवर्तन ऐसी किसी भी अवधि के लिए जैसा वह ठीक समझे, निलंबित कर सकेगा और ऐसे आनुषंगिक तथा पारिणामिक उपबन्ध कर सकेगा, जो उसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 के उपबन्धों के अनुसार संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो। (अधिनियम के पाठ के लिए, **देखिए** परिशिष्ट-तीन)

संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 के प्रवृत्त होने के बाद से, राष्ट्रपति का शासन छह संघ राज्यक्षेत्रों में 14 बार लागू किया गया है। पुडुचेरी में राष्ट्रपति शासन 6 बार तथा पूर्व संघ राज्यक्षेत्र मणिपुर, मिजोरम और गोवा प्रत्येक में दो बार और इसके बाद अरुणाचल प्रदेश तथा दिल्ली में एक-एक बार लागू किया गया है।

भाग एक

राज्यों में राष्ट्रपति शासन

1. आन्ध्र प्रदेश*

क्रम सं॰	राज्यपाल	उद्घोषणा के समय मुख्यमंत्री तथा सत्तारूढ़ दल	उद्घोषणा की तारीख	विधान सभा भंग हुई अथवा निलम्बित हुई	उद्घोषणा जारी करने की कारणभूत परिस्थितियां
1	2	3	4	5	6
1.	श्री सी॰एम॰त्रिवेदी (1)	श्री टी॰ प्रकाशम (कांग्रेस तथा आंध्र प्रजा पार्टी का मिला-जुला मंत्रिमंडल) (1)	15-11-54 (2)	साथ ही साथ विधान सभा भंग कर दी गई (2)	राज्य विधान सभा द्वारा अविश्वास का प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद श्री टी॰ प्रकाशम के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल ने अपना त्यागपत्र दे दिया जो 15-11-54 को स्वीकार कर लिया गया। अविश्वास प्रस्ताव पर सत्तारूढ़ मिली-जुली पार्टियों के कुछ सदस्यों द्वारा विपक्ष के साथ मतदान किए जाने के कारण सरकार हार गई। (3)
2.	श्री खण्डूभाई के॰ देसाई (9)	श्री पी॰ वी॰ नरसिंह राव (कांग्रेस) (9)	18-1-73 (10)	विधान सभा निलंबित कर दी गई (11)	राज्य में मुल्की नियम आंदोलन के कारण मुख्यमंत्री ने 17-1-73 को अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र दे दिया जबकि 288 सदस्यों के सदन में कांग्रेस विधान सभा पार्टी का 217 सदस्यों से पूर्ण बहुमत था। (12)
3.	श्री ई॰ एस॰ एल॰ नरसिंहन (21)	श्री एन॰ किरन कुमार रेड्डी (भारतीय राष्ट्रीय (कांग्रेस) (22)	01-03-14 (23) 28-04-14 (24) 01-06-14 (25)	निलंबित कर दी गई (26) भंग कर दी गई 28-04-14 (27)	लोक सभा में आंध्र प्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक पारित होने के कारण मुख्यमंत्री श्री किरन कुमार रेड्डी ने 19-2-2014 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। (28)

* संसद द्वारा पारित आंध्र राज्य अधिनियम, 1953 के अधीन आंध्र प्रदेश राज्य का गठन 1 अक्तूबर, 1953 को किया गया था। नवम्बर, 1956 को राज्यों का पुनर्गठन होने पर इस विशाल और पुनर्गठित राज्य को आंध्र प्रदेश नाम दिया गया।

1. आंध्र राज्य, एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, 1954-55, पृष्ठ-1
2. एम॰ आर॰ ओ॰ 3418, भारत का राजपत्र, असाधारण, (भाग-2, खंड 3) दिनांक 15-11-1954
3. आंध्र राज्य एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, 1954-55, पृष्ठ 2 तथा दल-बदल संबंधी समिति की रिपोर्ट गृह मंत्रालय, भारत सरकार, भाग 2, 1969, पृ॰ 47
4. लोक सभा वाद-विवाद-भाग 2, 16-11-54, कॉलम 5
5. राज्य सभा वाद-विवाद, 26-11-54, कॉलम 5
6. लोक सभा वाद-विवाद-भाग 2, 19-11-54, कॉलम 409-516
7. राज्य सभा वाद-विवाद 29-11-54, कॉलम 192-276 तथा 30-11-54 कॉलम 352-392
8. एम॰आर॰ओ॰ 664, भारत का राजपत्र, असाधारण (भाग-2, खंड 3) दिनांक 28-3-55
9. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 17-1-73
10. सा॰ का॰ नि॰ 13 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खंड 3(एक)] दिनांक 18-1-73

उद्घोषणा को पटल पर रखने की तारीख		उद्घोषणा के अनुमोदनार्थ चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा को अग्रेतर जारी रखने का अनुमोदन करने के संबंध में चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा के प्रतिसंहरण की तारीख	उद्घोषणा के प्रतिसंहरण के पश्चात् गठित मंत्रिमंडल
लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा		
7	8	9	10	11	12	13	14
16-11-54 (4)	26-11-54 (5)	19-11-54 (6)	29-11-54 30-11-54 (7)	–	–	28-3-55 (8)	फरवरी, 1955 में राज्य में सामान्य निर्वाचन के पश्चात् 28-3-55 को श्री बी॰ गोपाल रेड्डी (युनाइटेड कांग्रेस लेजिस्लेटिव पार्टी) के नेतृत्व में नया मंत्रिमडंल बनाया गया (3)
20-02-73 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 17-1-73 की एक प्रति के साथ) (13)	19-2-73 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 17-1-73 की एक प्रति के साथ) (14)	28-2-73 1-3-73 (15)	1-3-73 (16)	16-8-73 17-1-73 (17)	9-8-73 (18)	10-12-73 (19)	श्री जे॰ वेंगल राव ने 10-12-73 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। इनका आंध्र प्रदेश कांग्रेस विधान सभा पार्टी के नेता के रूप में पहले चुनाव हो चुका था (20)
09-06-14 (29)	10-06-14 (30)	–	–	–	–	08-06-14 (31)	राज्य विधान सभा के चुनाव मई, 2014 में हुए। चुनावों के बाद तेलुगु देशम पार्टी (टीडीवी) के नेता श्री एन॰ चन्द्रबाबू नायडू ने 8-06-2014 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। (32)

11. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट,1973-74 पृष्ठ 4
12. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 17-1-73 तथा लोक सभा वाद-विवाद, 28-2-73, कालम 230-31
13. लोक सभा वाद-विवाद, 20-3-73, कॉलम 245-46
14. राज्य सभा वाद-विवाद,19-3-73, कॉलम 26
15. लोक सभा वाद-विवाद, 28-2-73, कॉलम 230-74 तथा 1-3-73, कॉलम 244–310
16. राज्य सभा वाद-विवाद, 1-3-73, कॉलम 221–324
17. लोक सभा वाद-विवाद, 16-8-73, कॉलम 228–35 तथा 17-8-73, कॉलम 233–78
18. राज्य सभा वाद-विवाद, 9-8-73, कॉलम 141–211
19. सा॰का॰नि॰ 518 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 10-12-73
20. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1973-74, पृष्ठ 4
21. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 20-02-2014
22. दि टाइम्स ऑफ इंडिया (नई दिल्ली), 01 मार्च, 2014
23. सा॰का॰नि॰ 132 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 10-03-2014
24. सा॰का॰नि॰ 298 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 28-04-2014
25. सा॰का॰नि॰ 373 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 01-06-2014
26. दि टाइम्स ऑफ इंडिया (नई दिल्ली), 01 मार्च, 2014
27. सा॰का॰नि॰ 298 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 28-04-2014
28. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 20-02-2014
29. लोक सभा समाचार भाग-एक, 09-06-2014
30. राज्य सभा वाद-विवाद, 10-06-2014, पृष्ठ-4
31. सा॰का॰नि॰ 385 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 06-06-2014
32. दि इण्डियन एक्सप्रेस (नई दिल्ली), 09 जून, 2014

2. असम

क्रम सं॰	राज्यपाल	उद्घोषणा के समय मुख्यमंत्री तथा सत्तारूढ़ दल	उद्घोषणा की तारीख	विधान सभा भंग हुई अथवा निलम्बित हुई	उद्घोषणा जारी करने की कारणभूत परिस्थितियां
1	2	3	4	5	6
1.	श्री एल॰पी॰ सिंह (1)	श्री जे॰एन॰ हजारिका (असम जनता दल) कांग्रेस (उ), कांग्रेस (आई) तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा समर्थित (1)	12-12-79 (2)	विधान सभा निलंबित कर दी गई (1 और 2)	राष्ट्रपति को भेजे गए अपने 11-12-79 के प्रतिवेदन में राज्यपाल ने कहा कि श्री हजारिका को केवल 8 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है और अब वे असम जनता विधायनी दल के नेता भी नहीं हैं तथा सभी राजनीतिक दलों के जिन नेताओं से राज्यपाल सलाह कर सके हैं उन सभी का यह मत है कि राज्य को कुछ समय के लिए राष्ट्रपति शासन के अधीन कर दिया जाये जिससे वह आपस में सलाह कर सकें और स्थाई मंत्रिमंडल बनाने के संबंध में प्रस्ताव पेश कर सकें। अनुच्छेद 356 के अधीन उद्घोषणा जारी करने की सिफारिश करते हुए उन्होंने आगे कहा कि विधान सभा को निलंबित रखा जाये। (1)
2.	श्री एल॰पी॰ सिंह (11)	श्रीमती अनवरा तैमूर [कांग्रेस (आई)] (11)	30-6-81 (12)	विधान सभा निलंबित कर दी गई (11 और 12)	राष्ट्रपति को भेजे गए अपने 29-6-81 के प्रतिवेदन में राज्यपाल ने कहा कि श्रीमती अनवरा तैमूर ने 28-6-81 को अपना त्यागपत्र दे दिया है तथा अन्य कोई दल स्थाई मंत्रिमंडल बनाने की स्थिति में नहीं है। (11)

1. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 11-12-79
2. सा॰का॰नि॰ 688 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 12-12-79
3. लोक सभा वाद-विवाद, 23-1-80, कॉलम 38–40
4. राज्य सभा वाद-विवाद, 23-1-80, कॉलम 26
5. लोक सभा वाद-विवाद, 2-2-80, कॉलम 171-87
6. राज्य सभा वाद-विवाद, 5-2-80, कॉलम 33–124
7. लोक सभा वाद-विवाद, 10-6-80, कॉलम 305–45
8. राज्य सभा वाद-विवाद, 11-6-80, कॉलम 164–223
9. सा॰का॰नि॰ 684 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 6-12-80
10. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1980-81, पृष्ठ 63

उद्घोषणा को पटल पर रखने की तारीख		उद्घोषणा के अनुमोदनार्थ चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा को अग्रेतर जारी रखने का अनुमोदन करने के संबंध में चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा के प्रतिसंहरण की तारीख	उद्घोषणा के प्रतिसंहरण के पश्चात् गठित मंत्रिमंडल
लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा		
7	8	9	10	11	12	13	14
23-1-80 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 11-12-79 की एक प्रति के साथ) (3)	23-1-80 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 11-12-79 की एक प्रति के साथ) (4)	2-2-80 (5)	5-2-80 (6)	10-6-80 (7)	11-6-80 (8)	6-12-80 (9)	श्रीमती अनवरा तैमूर के नेतृत्व में कांग्रेस (आई) की सरकार ने 6-12-80 को पद भार संभाला। (10)
17-8-81 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 29-6-81 की एक प्रति के साथ) (13)	18-8-81 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 29-6-81 की एक प्रति के साथ) (14)	20-8-81 21-8-81 24-8-81 (15)	25-8-81 (16)	21-12-81 (17)	24-12-81 (18)	13-1-82 (19)	श्री केशव चन्द्र गोगोई के नेतृत्व में कांग्रेस (आई) की सरकार ने 13-1-82 को पद भार संभाला। (19)

11. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 29-6-81
12. सा॰का॰नि॰ 419 (ङ) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3(एक)] दिनांक 30-6-81
13. लोक सभा वाद-विवाद, 17-8-81, कॉलम 333
14. राज्य सभा वाद-विवाद, 18-8-81, कॉलम 318-19
15. लोक सभा वाद-विवाद, 20-8-81, कॉलम 295-354, 21-8-81, कॉलम 369-85, और 24-8-81, कॉलम 412-441
16. राज्य सभा वाद-विवाद, 25-8-81, कॉलम 317-63
17. लोक सभा वाद-विवाद, 21-12-81, कॉलम 420-499
18. राज्य सभा वाद-विवाद, 24-12-81, कॉलम 262-354
19. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1981-82, पृष्ठ 55-56

असम — जारी

1	2	3	4	5	6
3.	श्री प्रकाश मेहरोत्रा (20)	श्री केशव चन्द्र गोगोई (20)	19-3-82 (21)	साथ ही साथ विधान सभा भंग कर दी गई (21)	विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होने से पहले ही श्री गोगोई के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल ने 18-3-82 को त्यागपत्र दे दिया। (20)
4.	श्री डी॰ डी॰ ठाकुर (29)	श्री प्रफुल्ल कुमार महंत (अ॰गण॰) (29)	27-11-90 (30)	विधान सभा निलंबित कर दी गई (30)	कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए राष्ट्रपति ने महसूस किया कि राज्य सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार कार्य नहीं कर सकती। (29)

20. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 18-3-82

21. सा॰का॰नि॰ 256(ङ), भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 19-3-82

7	8	9	10	11	12	13	14
19-3-82 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 18-3-82 की एक प्रति के साथ) (22)	22-3-82 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 18-3-82 की एक प्रति के साथ) (23)	27-3-82 (24)	29-3-82 (25)	5-8-32 (26)	9-8-82 (27)	27-2-83 (28)	फरवरी, 1983 में विधान सभा चुनाव होने के बाद कांग्रेस (आई) के श्री हितेश्वर सैकिया ने 27-2-83 को मंत्रिमंडल का गठन किया। (28)
27-12-90 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 26-11-90 की एक प्रति के साथ) (31)	27-12-90 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 26-11-90 की एक प्रति के साथ) (32)	10-1-91 (33)	8-1-91 9-1-91 (34)	–	–	30-6-91 (35)	जून, 1991 में चुनाव होने के बाद, 30-6-91 को कांग्रेस (आई) विधायी दल के नेता श्री हितेश्वर सैकिया ने मंत्रिमंडल का गठन किया। (35)

22. लोक सभा वाद-विवाद, 19-3-82, कॉलम 413
23. राज्य सभा वाद-विवाद, 22-3-82, कॉलम 182-194
24. लोक सभा वाद-विवाद, 27-3-82, कॉलम 10-22 और 156-228
25. राज्य सभा वाद-विवाद, 29-3-82, कॉलम 174-206
26. लोक सभा वाद-विवाद, 5-8-82, कॉलम 292
27. राज्य सभा वाद-विवाद, 9-8-82 कॉलम 285-412
28. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1982-83, पृष्ठ 54
29. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 26-11-90
30. सा॰का॰नि॰ 925 (ड) भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)] दिनांक 27-11-90
31. लोक सभा वाद-विवाद, 27-12-90
32. राज्य सभा वाद-विवाद, 27-12-90
33. लोक सभा वाद-विवाद, 10-1-91
34. राज्य सभा वाद-विवाद, 8-1-91 और 9-1-91
35. दि हिन्दुस्तान टाइम्स, 1-7-91

3. बिहार

क्रम सं॰	राज्यपाल	उद्घोषणा के समय मुख्यमंत्री तथा सत्तारूढ़ दल	उद्घोषणा की तारीख	विधान सभा भंग हुई अथवा निलम्बित हुई	उद्घोषणा जारी करने की कारणभूत परिस्थितियां
1	2	3	4	5	6
1.	नित्यानन्द कानूनगो (1)	श्री भोला पासवान शास्त्री (संयुक्त विधायक दल) (2)	29-6-68 (3)	साथ ही साथ विधान सभा भंग कर दी गई	श्री भोला पासवान शास्त्री के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल ने दिनांक 25-6-68 को त्यागपत्र दे दिया। बहुत से विधायकों द्वारा बार-बार दल-बदल करने के परिणामस्वरूप यह स्पष्ट हो गया कि बिहार विधान सभा में तत्कालीन सदस्यों की स्थायी सरकार बनाना असम्भव है। (1) और (2)
2.	श्री नित्यानन्द कानूनगो (12)	श्री भोला पासवान शास्त्री (लोकतांत्रिक दल) जिन्होंने अन्य दलों के समर्थन से मिला-जुला मंत्रिमंडल बनाया था, ने केवल 9 दिन तक पद पर रहने के पश्चात् 1-7-69 को त्याग पत्र दे दिया। (13)	4-7-69 (14)	विधान सभा निलंबित कर दी गई (13) और (15)	विधायकों द्वारा लगातार दल-बदल करते रहने के कारण स्थायी सरकार बनाने के बारे में अनिश्चितता रही। (15)

1. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 26-6-68
2. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1968-69, पृष्ठ 70
3. सा॰का॰नि॰ 1228, भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 29-6-68
4. लोक सभा वाद-विवाद, 22-7-68 कॉलम 310
5. राज्य सभा वाद-विवाद, 22-7-68 कॉलम 106
6. लोक सभा वाद-विवाद, 25-7-68 कॉलम 1533-1666
7. राज्य सभा वाद-विवाद, 22-7-68 कॉलम 114-188
8. लोक सभा वाद-विवाद, 19-2-68 कॉलम 270–313
9. राज्य सभा वाद-विवाद, 10-12-68 कॉलम 3482-3509
10. सा॰का॰नि॰ 504, भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 26-02-69

उद्घोषणा को पटल पर रखने की तारीख		उद्घोषणा के अनुमोदनार्थ चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा को अग्रेतर जारी रखने का अनुमोदन करने के संबंध में चर्चा की तारीख(खें)		उद्घोषणा के प्रतिसंहरण की तारीख	उद्घोषणा के प्रतिसंहरण के पश्चात् गठित मंत्रिमंडल
लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा	लोक सभा	राज्य सभा		
7	8	9	10	11	12	13	14
22-7-68 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 26-6-68 की एक प्रति के साथ) (4)	22-7-68 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 26-6-68 की एक प्रति के साथ) (5)	25-7-68 (6)	22-7-68 (7)	19-12-68 (8)	10-12-68 (9)	26-2-69 (10)	फरवरी, 1969 में राज्य में नये चुनाव होने के बाद 26-2-69 को कांग्रेस विधानमंडल दल के नये नेता श्री हरिहर सिंह ने नए मंत्रिमंडल (मिला-जुला) का गठन किया। (11)
21-7-69 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 1-7-69 की एक प्रति के साथ) (16)	21-7-69 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 1-7-69 की एक प्रति के साथ) (17)	30-8-69 (18)	21-8-69 (19)	–	–	16-2-70 (20)	कांग्रेस विधान-मंडल दल में एक ग्रुप के नेता श्री दारोगा प्रसाद राय, ने 16-2-70 को मंत्रिमंडल का गठन किया। (21)

11. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1968-69, पृष्ठ 71
12. भारत, 1969, पृष्ठ 442
13. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1969-70, पृष्ठ 79
14. सा॰का॰नि॰ 1600, भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 4-7-69
15. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 1-7-69
16. लोक सभा वाद-विवाद, 21-7-69, कॉलम 244-45
17. राज्य सभा वाद-विवाद, 21-7-69 कॉलम 134
18. लोक सभा वाद-विवाद, 30-8-69 कॉलम 127-72
19. राज्य सभा वाद-विवाद, 21-8-69 कॉलम 5112-5142
20. सा॰का॰नि॰ 236, भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 16-2-70
21. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1969-70, पृष्ठ 81

बिहार — जारी

1	2	3	4	5	6
3.	श्री डी॰के॰ बरुआ (22)	श्री भोला पासवान शास्त्री (मिला-जुला मंत्रिमंडल) ने 27-12-71 को त्याग-पत्र दे दिया (22)	9-1-72 (दिनांक 9-1-72 की उद्घोषणा 2 महीने के लिए लागू रही तत्पश्चात् इसका समय समाप्त हो गया, 9-3-72 को नई उद्घोषणा जारी की गई) (23)	29-12-71 को विधान सभा भंग कर दी गई (24)	राज्य में स्थायी सरकार के गठन के लिये मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र दे दिया। (22)

22. राष्ट्रपति को राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 27-12-71

23. सा॰का॰नि॰ 19 (ङ), भारत का राजपत्र, असाधारण [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 9-1-72 तथा जी॰एस॰आर॰ 97 (ई), भारत का राजपत्र [भाग-2, खण्ड 3 (एक)], दिनांक 9-3-72

24. गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 1971-72, पृष्ठ 35

7	8	9	10	11	12	13	14
13-3-72 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 27-12-71 की एक प्रति के साथ) (25)	13-3-72 (राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रतिवेदन दिनांक 27-12-71 की एक प्रति के साथ) (26)	-	-	-	-	19-3-72 (27)	मार्च, 1972 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला। श्री केदार पांडे को कांग्रेस विधान मंडल दल का नेता चुना गया और उन्होंने 19-3-72 को मंत्रिमंडल का गठन किया। (24)

